रयत शिक्षण संस्था का,

डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय,रामानंदनगर(बुर्ली)

हिंदी विभाग एवं

शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर अग्रणी महाविद्यालय योजना के अंतर्गत आयोजित

एक दिवसीय कार्यशाला दि.19 अप्रैल, 2023

'हिंदी पत्रकारिता'

अहवाल

डॉ. पतंगराव कदम महाविद्यालय में बुधवार दिनांक 19/04/2023 को शिवाजी विश्वविद्यालय,कोल्हापुर अग्रणी महाविद्यालय योजना के अंतर्गत हिंदी विभाग की ओर से **'हिंदी पत्रकारिता'** इस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था ।

इस कार्यशाला में उद्घाटक के रूप में प्रो.डॉ.पी. बी पाटील, अध्यक्ष के रूप में कला वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय पलूस की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शकुंतला वाघ जी उपस्थित थी । विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. विकास पाटील जी, कला व वाणिज्य महाविद्यालय आष्टा

तथा सत्राध्यक्ष के रूप में बाबासाहेब चितळे महाविद्यालय, भिलवडी के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. विजय गाडे जी उपस्थित थें । कार्यशाला के लिए विविध महाविद्यालय के लगभग 60 प्रतिभागी सम्मिलित थें ।

विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. विकास पाटील जी ने पत्रकारिता का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि पत्रकारिता (अंग्रेजी : journalism) आधुनिक सभ्यता का एक प्रमुख व्यवसाय है जिसमें समाचारों का एकत्रीकरण, लिखना, जानकारी एकत्रित करके पहुँचाना, सम्पादित करना और सम्यक प्रस्तुतीकरण आदि सम्मिलित हैं। आज के युग में पत्रकारिता के भी अनेक माध्यम हो गये हैं जैसे - अखबार, पत्रिकायें, रेडियो, दूरदर्शन, वेब-पत्रकारिता आदि। बदलते वक्त के साथ बाजारवाद और पत्रकारिता के अंतर्संबंधों ने पत्रकारिता की विषय-वस्तु तथा प्रस्तुति शैली में व्यापक परिवर्तन किए।

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है। समय के साथ पत्रकारिता का मूल्य बदलता गया है। इतिहास पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के पवूर् की पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति ही लक्ष्य था। स्वतंत्रता के लिए चले आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम मे पत्रकारिता ने अहम और सार्थक भूमिका निभाई है। उस दौर मे पत्रकारिता ने परे देश को एकता के सूत्र मे बांधने के साथ साथ पूरे समाज को स्वाधीनता की प्राप्ति के लक्ष्य से जोड़े रखा। आदि बातों पर प्रकाश डाला ।

कार्यशाला का स्वागत एवं प्रास्ताविक हिंदी विभाग प्रमुख डॉ.के.बी.भोसले जी ने किया । उदघाटन सत्र का आभार प्रा. आशा मडावी जी (समन्वयक, अग्रणी महाविद्यालय) ने किया ।

द्वितीय सत्र का स्वागत एवं परिचय प्रा. डॉ. नितिन कुंभार जी ने किया। आभार प्रां. डॉ. के. बी. भोसले जी ने व्यक्त किए, सूत्रसंचालन प्रा.माधुरी सावंत ने किया।

लाभार्थी संख्या - 60

उपलब्धि -1. छात्र पत्रकारिता का महत्व समझ गए।

2. छात्र पत्रकारिता में रोजगार के अवसरों से अवगत हुए।

अध्यक्ष
हिंदी विभाग

प्र. प्राचार्य
डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय,
रामानंदनगर (बुर्ली)